# 'यूपी के बदलते परिवेश में सोलर एनर्जी महत्वपूर्ण'

**NBT न्यूज, लखनऊः** सोलर मीडिया इंडस्ट्री में ईक्यू इंटरनेशनल की ओर से शुक्रवार को हुए सूर्यकॉन लखनऊ-2025 में लखनऊ की सोलर इंडस्ट्री से जुड़ी तमाम कंपनियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में एमएलसी अवनीश कुमार ने सोलर कंपनियों को उनके शानदार काम के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी उत्तर प्रदेश के वदलते परिवेश में महत्वपूर्ण योगदान देगी। ईक्यू इंटरनेशनल के सीईओ आनंद गुप्ता ने कहा हमारी हमेशा से कोशिश रहती है कि हम वायर्स और सेलर्स दोनों को वढ़िया प्लेटफॉर्म दें। कार्यक्रम में सौर उद्योग से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि जैसे डिवेलपर्स, इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स, ईपीसी कंपनियां, सरकारी प्रतिनिधि, नीति-निर्माता, रेगुलेटर्स, इंजिनियरिंग एक्सपर्ट्स, एसेट मैनेजमेंट लीडर्स, एचआर हेड्स और अन्य संवंधित विशेषज्ञ मौजूद रहे।